Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार सच का साथी दिनांक 03-01-2022 अंक 103

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### विषपान से युवक गंभीर

**अपेम लाइवः बरही**

शवपुर निवासी राहुल कुमार दास ने घरेलू विवाद में विषपान कर लिया। उनकी स्थिति गंभीर होने के बाद परिजनों ने उन्हें बरही अनुमंडलीय अस्प्ताल में भर्ती किया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे हज़ारीबाग़ सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।



### आज का पंचाङ्ग----

आज का अंग्रेजी दिनांकः---04.01.2022
शुभसंवत् :---2078(आनंद)
शकेः---1943
याम्यायन याम्यगोलः
ऋतुः---हेमन्त
माहः---पौष
पक्षः---शुक्ल पक्ष
तिथिः---द्वितीया तिथि
दिनः---मंगलवार
नक्षत्रः---उ.षा. नक्षत्र दिन 01:32 मिनट तक उपरांत श्रवण नक्षत्र
योगः---दर्शन
करणः---व
सूर्योदय :---प्रातः 06:46
सूर्यास्त : संध्या 05:14
सूर्य :---धनु राशि में
चंद्रमा :---मकर राशि में
आज का राहूकाल दिनः---03:00 बजे से दिनरूः---04:30 बजे तक
अभिजीत मुहूर्तः---दोपहर 11:36 से 12:24 तक
(नोटः---कोई भी नया और शुभ कार्य जिस कार्य से चिरकाल तक लाभ लेना हो ऐसे प्रत्येक कार्य को अभिजीत मुहूर्त में प्रारंभ करना चाहिए यह अभिजीत मुहूर्त हरिकवती प्रिये है वहीं राहुकाल में कोई भी शुभकार्य प्रारंभ नही करना चाहिए। वहीं बुधवार को अभिजीत मुहूर्त में सभी कार्य वर्जित माना जाता है)
आज का पर्व त्यौहार, मुहूर्त व खासः---आज भोलेनाथ को दुग्धाभिषेक करने से आत्मबल में वृद्धि होता है



आलेख :
संदीप शर्मा
(वास्तु, कर्मकाण्ड व कुंडली परामर्श)
पुजारी--माँ भद्रकाली मंदिर इटखोरी, चतरा
सम्पर्क सूत्र-9931585660

# 15 से 18 आयु वर्ग की 80 छात्राओं को दी गई कोविड वैक्सीन की पहली डोज

## परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में बरही से हुआ शुभारंभ, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने किया उद्घाटन



वैक्सीन लेती छात्राएँ



वैक्सीन को लेकर जागरूक करते डॉ प्रकाश ज्ञानी

**अपेम लाइव : बरही**
**सोनु पंडित / बिरेन्द्र कुमार**

केंद्र सरकार के निर्देशानुसार तीन जनवरी से 15 से 18 आयु वर्ग के बच्चों को कोविड वैक्सीन देना शुरू करना है। इसी कड़ी में सरकार के निर्देशानुसार परियोजना बालिका उच्च विद्यालय बरही में अनुमंडलीय अस्पताल बरही की ओर से कैम्प लगाकर वैक्सीनेशन किया गया। कैम्प का उद्घाटन डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी एवं विद्यालय के प्रधानाध्यक रविकांत ओम ने किया। कैम्प में लाइन लगाकर नवम से दशम तक के बच्चों ने वैक्सीन लिया। मौके पर 80 छात्राओं ने कोविड वैक्सीन की पहली डोज ली। इस कार्य मे एएनएम ज्योति कुमारी एवं अमित कुमार ने बतौर वैक्सिनेटर एवं कंप्यूटर ऑपरेटर ने सहयोग किया। छात्राओं को वैक्सीन के प्रति जागरूक करते हुए डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी ने कहा कि कोरोना का नया वैरिएंट ओमिक्रोन ने झारखण्ड में दस्तक दे दिया है। लगातार केसेस बढ़ रहे हैं। इसके लिए हम सभी को सचेत एवम सावधान रहने की जरूरत है। कोरोना का बचाव का एक मात्र उपाय वैक्सीनेशन ही है। वैक्सीन लेने के बाद कोरोना से बचाव का चांसेस बढ़ जाता है। इसके साथ ही मास्क एवं दो गज की दूरी जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी को कोविड गाइड लाइन का पालन करना जरूरी है। सावधानी ही कोरोना से बचाव का एक मात्र उपाय है। जागरूकता के बाद बच्चियों में टीका लेने के प्रति उत्सुक दिखी। कैम्प में डॉ प्रकाश ज्ञानी, बीपीएम नारायण राम, बिनय सिन्हा, प्रधानाध्यक रविकांत ओम, खेमलाल ठाकुर सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।।

## हृदय गति रुकने से महिला की मौत, अंतिम संस्कार में शामिल हुए जीप प्रतिनिधि मो क्यूम




अंतीम संस्कार मे शामिल जीप प्रतिनिधि मो0 क्युम

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के गुडियो निवासी रामकृष्ण की मोदी की पत्नी देवंती देवी की मौत बीते दिन हृदय गति रुकने से हेल्थ केअर सेंटर राँची में ईलाज के दौरान हो गई। जिसका अंतिम संस्कार सोमवार को मृतिका का पैतृक गांव गुडियो शमसान घाट में किया गया। इस दुःख की घड़ी में पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, विजैया पंचायत मुखिया दशरथ यादव एवं समाजसेवी रघु यादव शामिल होकर दुःख संवेदना प्रकट किया। साथ ही साथ उन्होंने कहा कि मृतिका मेरी माँ सामान थी और इनका निधन से मैं काफी मर्माहत हुँ। मौके पर अर्जुन मोदी, बैजनाथ यादव, उमेश मोदी, महेश मोदी, मुकेश मोदी, सुभाष मोदी, बिपिन मोदी, सुमन मोदी, सुनील कुमार यादव, पंकज मोदी, विजय मोदी, सोनु मोदी एवं संजय मोदी मौजूद थे।

## कोविड नियंत्रण को लेकर प्रखंड कार्यालय बना नियंत्रण कक्ष, शिक्षको की हुई प्रतिनियुक्ति

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



बरही सीओ

संभावित कोविड की तीसरी लहर के संक्रमण को देखते हुए कोविड नियंत्रण को लेकर प्रखंड कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। नियंत्रण कक्ष को संचालित करने के लिए दो शिफ्ट में शिक्षको की प्रतिनियुक्ति की गई है। इस बाबत बीडीओ सह सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो ने आदेश जारी किया है। जिसमे शिक्षको को ए एवम बी ग्रुप में ड्यूटी लगाई है। ए ग्रुप में प्रतिनियुक्त कर्मी सुबह 9 बजे से अपराह्न 2बजे तक एवं ग्रुप बी प्रतिनियुक्त कर्मी 2 बजे से 7 बजे तक ड्यूटी करेंगे। ग्रुप ए में मवि बरही के सहायक शिक्षक ब्रजभूषण कुमार, मवि बेन्दगी के सहायक शिक्षक राजेन्द्र प्रसाद केशरी, उउवि केवाल के सहायक शिक्षक के मथुरा प्रसाद एवं उउवि करियातपुर के सहायक शिक्षक अजय कुमार को ड्यूटी लगाई गई। वही ग्रुप बी में एन पीएस पिपराटांड के सहायक शिक्षक दीपक यादव, उमवि बरही डीह के सहायक शिक्षक दिनेश कुमार रविदास, उमवि चलंगा के सहायक शिक्षक बीरेंद्र प्रसाद, उमवि बे. हराबाद के सहायक शिक्षक निरंजन कुमार पांडेय की ड्यूटी लगाई गई है। सभी प्रतिनियुक्त शिक्षको को निर्देश दिया गया है कि वे संक्रमित व्यक्तियों से मोबाइल पर सम्पर्क कर स्वास्थ्य प्रतिवेदन तैयार करेंगे।।

APEM LIVE




डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## हजारीबाग में शीतलहर का प्रकोप जारी, पारा गिरने से जनजीवन प्रभावित


**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



हजारीबाग झारखंड में ठंड ने एक बार फिर से अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है. हजारीबाग समेत राज्य भर में पारा गिरने से जनजीवन पर असर नजर आने लगा है. शनिवार से ही हजारीबाग में सर्द हवाएं चलने से पारा अचानक एक बार फिर गिर गया. रविवार की सुबह पारा 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था जो सोमवार को भी इसी के आसपास रहा लेकिन उसके चार दिन बाद हजारीबाग जिले समेत कई प्रखंडो में आसमान में बादल छाने और कुहासे की वजह से शीतलहरी से थोड़ी राहत मिली थी. उस दौरान 4 दिनों तक लोगों को धूप नसीब नहीं हुआ था लेकिन अचानक एक जनवरी को आ. समान धीरे-धीरे साफ होने लगा और बादल भी छंटने लगे, जिसके बाद से ठंडी हवाएं चलनी शुरू हो गई और शीतलहरी चलने से लोगों को कनकनी का एहसास होने लगा. शनिवार को हजारीबाग में आसमान में बादल छट जाने और खिली धूप के बीच सुबह से ही शीतलहर चल रही है. मुताबिक अभी ठंड और बढ़ेगी क्योंकि बादल अब धीरे-धीरे छंट रहे हैं. ऐसे में सब्जी की खेती को खासा नुकसान पहुंच रहा है जिसमें खासकर गोभी, पत्ता गोभी और बैगन समेत दूसरी सब्जियां हैं झारखंड में लगातार चल रहे शीतलहर और ठंड के कारण लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. पाला गिरने से सबसे अधिक नुकसान सब्जी की खेती को पहुंच रहा है पाले से खासकर मौसमी सब्जियों की खेती प्रभावित हो रही है टमाटर,आलू, गोभी, पत्ता गोभी और बैगन समेत दूसरी सब्जियां पाला गिरने से प्रभावित हो रही हैं.

## चचरो पार्क जाने का सड़क जजर्र, पर्यटक स्थल चचरो पार्क का हो सुंदरीकरण : संजय यादव

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**



संजय यादव

बरही के समाजसेवी संजय यादव ने पर्यटक स्थल चचरो पार्क को लेकर चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि पर्यटक स्थल के लिहाज से प्रखंड में स्थित चचरो पार्क काफी महत्वपूर्ण है, जहां काफी शैलानी आते जाते रहते है । लेकिन वर्तमान में माधोपुर से चचरो पार्क तक जाने में लोगो को काफी परेशानी हो रही है। इसका कारण प्रखंड के माधोपुर से चचरो पार्क तक जाने वाली सड़क का जर्जर स्थिती में होना तथा जगह-जगह सड़क खराब हो गई है। सड़क के बीच मे जगह-जगह गड्ढे हो गए है, जिससे विशेषकर वाहनों के परिचालन में परेशानी होती है। वाहन हिचकोले खाते है जिससे यात्री किसी संभावित दुर्घटना को लेकर डरे रहते है। यह स्थिति और भी ज्यादा तब खराब हो जाती है जब वर्षा होने पर सड़क पर बने गड्ढो में पानी भर जाता है और राहगीरों और वाहन चालकों को इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। बता दें कि काफी प्रतिनिधिगण का भी इस बीते वर्ष के अवसर पर आना- जाना लगा रहा लेकिन जर्जर सड़क को नजरंदाज करने का काम किए हैं। संजय यादव समेत माधोपुर के ग्रामीणों की अपील है कि शासन-प्रशासन, प्रतिनिधिगण इस जर्जर सड़क को एक सुंदर रूप देकर पर्यटक स्थल चचरो पार्क को सृंगार देने का काम करें।

## आपदा प्रबंधन की बैठक संपन्न, राज्य सरकार ने लिए कई अहम फैसले

**अपेम लाइवः बरही**
**सोनु पंडित/ बिरेन्द्र कुमार**

झारखंड में लगातार बढ़ रहे कोरोना के मामले को देखते हुए, सोमवर शाम को आपदा प्रबंधन की बैठक में राज्य सरकार हर कई अहम फैसले लिए। जिसमे राज्य सरकार द्वारा तय किया गया कि राज्य में स्टेडियम, पार्क, जिम, स्विमिंग पूल, पर्यटक स्थल एवं शिक्षण संस्थान अगले आदेश तक बंद रहेंगे। वहीं 50 फीसदी क्षमता के साथ प्रशासनिक कार्य कर सकेंगे, म०ल, रेस्टूरेंट, बैंक्वेट ह०ल अपने क्षमता के आधे पर काम करेंगे या अधिक्तम 100 लोग शामिल हो सकते है। दुकानें रात 8 बजे तक खुली रहेंगी एवं दवा, बार रेस्टोरेंट पहले की तरह खुली रहेंगी।




बैठक मे शामिल सीएम हेमंत सोरेन व अन्य

## दुर्घटनाओं का रहा है इतिहास, हथिया बाबा मंदिर बनने से हुवा था नियंत्रण

### कई दशक पूर्व यही दनुवा घाटी खेला करता था खूनी खेल

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**




हथिया बाबा मंदिर

लगातार दनुवा घाटी में हो रहे दुर्घटनाओ से पदाधिकारियों सहित चौपारण वासियो के लिए चिंता का विषय बना हुआ। लाख कोशिशों के बावजूद दुर्घटनाओ का दौर रुकने का नाम ही नही ले रहा है। अब सवाल ये उठने लगा है कि आखिर दुर्घटना हो कैसे रहा है कही कोई दैविक शक्ति तो नही। सवाल उठना भी लाजमी है कई दशक पूर्व जब सिंगल रोड हुवा करता था उस समय यही दनुवा घाटी में खूब खूनी खेल चला। जानकारो की माने तो ठीक इसी तरह का सड़क दुर्घटनाओ का दौरा था, औसतन प्रतिदिन कोई न कोई दुर्घटना का शिकार जरूर होता। कई लोगों को उस दौरान दनुवा घाटी ने अपने आगोश में लिया। लोगों की चिंता बढ़ती जा रही थी, लाख कोशीशो के बावजूद दुर्घटना रुकने का नाम ही नही ले रहा था। लोगों की माने तो उस वक्त हथिया बाबा मंदिर का किया गया निर्माण, तब से धीरे धीरे लगातार दुर्घटना का दौर पर अंकुश लग गया। आज हथिया बाबा मंदिर की प्रसिद्धि इस प्रकार है कि इधर से गुजरने वाले लगभग वाहन रुक कर हथिया बाबा के दर्शन करना नही भूलते।

**कैसे हुवा हथिया बाबा मंदिर का निर्माण, क्या है रहस्य**

स्थानीय लोगों ने बताया कि एक दिन हाथियों का झुंड दनुवा घाटी से सड़क के इस पार से उसपर हो रहा था तभी अचानक एक हाथी ट्रक के चपेट में आ गया और मौत के मुँह में समा गया। हाथी के मरने के बाद से लगातार सड़क दुर्घटना शुरु हो गया था। जो कई दिनों तक चलता जा रहा था तभी महानेटाँड निवासी महरु भुइयाँ के सपने में हाथी का दुर्घटना वाला दृश्य सामने आने लगा। महरु भुइयाँ ने गाँव वालों व आसपास के लोगों को इस परिघटना कि जानकारी दिया। उसवक्त के लोगों ने महरु भुइयाँ के अगुवाई में मंदिर निर्माण का लिया निर्णय। मंदिर बना और उसमें हाथी का मूर्ति स्थापित किया व हथिया बाबा मंदिर का नाम दिया गया। लोगों की माने तो मंदिर निर्माण के बाद से एक दम से दुर्घटना का दौर रुक सा गया था। फिलहाल महरु भुइयाँ के वंसज मंदिर में पूजा व देखरेख का कार्य करते है। पुनः मंदिर निर्माण को लेकर चर्चा का बाजार गर्म आज के समय मे पुनः दुर्घटनाओ का दौर जारी है, लाख कोशिशों के बावजूद दुर्घटना नही रुक रहा है। आज फिर से लोगों को लग रहा है कि कोई दैविक शक्ति दुर्घटना का कारण है। दबे जुबान से स्थानीय लोग हथिया बाबा मंदिर के दूसरे और मंदिर निर्माण की मांग को तेज कर रहे है। भला हो भी क्यों न लगभग दुर्घटना हथिया बाबा मंदिर के दूसरे तरफ वाला रोड में हो रहा है। समाजसेवी प्रमेश्वर यादव ने कहा कि मंदिर निर्माण से लोग मंदिर में रुकेंगे पुजा पाठ करने के बाद निकलेंगे जिससे दुर्घटना कम हो जाएगा।

## डेबो के ग्रामीणों ने डीसी से किया शिकायत, दबंगई से गैरमजूरवा जमीन कब्जा का आरोप

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर कुमार**




डीसी को आवेदन सौंपते गग्रमीण

डेबो के दर्जनों ग्रामीणों हजारीबाग उपायुक्त कार्यालय पहुँच लिखित आवेदन देकर चौपारण प्रखण्ड के डेबो पंचायत में दबंगई व सरकारी बोर्ड हटाकर गैरमजूरवा जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाया। डीसी को दिए आवेदन में बताया गया है कि एक वर्ष ततकालीन सीओ को खाता संख्या 62, प्लॉट नम्बर 2757 रकवा 44 एकड़ गैरमजूरवा खास जमीन पर डेबो निवासी राजेन्द्र कुमार गुप्ता उर्फ राजू साव पिता स्वर्गीय अकल साव ग्राम डेबो द्वारा अवैध रुप से कब्जा किया गया है। सीओ ने संज्ञान लेते हुए उक्त जमीन पर सरकारी जमीन का बोर्ड लगा दिया गया। आवेदन में बताया गया है कि एक वर्ष बाद जब सीओ का ट्रांसफर हो गया तब राजू साव द्वारा सरकार बोर्ड हटाकर पुनः जोत कोड शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मामले से वर्तमान बीडीओ सह सीओ प्रेमचंद सिन्हा को लिखित रूप से अवगत कराया गया बावजूद कोई कार्यवाई नही हुवा मजबूरन जिले के उपायुक्त का दरवाजा खट्खटाना पड़ा। ग्रामीणों ने बताया कि उक्त जमीन पर डेबो के ग्रामीण चारागाह व सार्वजनिक कार्यो के लिए प्रयोग में लाते रहे है और जल्द ही कार्यवाई नही किया गया तो डेबो में ग्रामीण आंदोलन को मजबूर होंगे। इधर जिला परिषद सदस्य रामस्वरूप पासवान ने सीओ सह बीडीओ पर मिलीभगत का आरोप लगाते हुए कहा कि जनहित को धयान में रखते हुए राजू साव पर कार्यवाई करे। मौके पर डेबो उपमुखिया प्रतिनिधि विजय यादव, समाजसेवी उमेश गुप्ता, अशोक यादव, टुनटुन रविदास, नारायण यादव सहित अन्य मौजुद थे।

डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

दिनांक: 03-01-2022 सच का साथी पेज संo: 03

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

# बरही पश्चिमी जिला परिषद के शिक्षित,योग्य, कर्मठ, अनुभवी एवं गरीबो का मसीहा, भावी उम्मीदवार श्रीमती कुंती देवी (शिक्षिका) का संकल्प,

---

# बरही पश्चिमी जिला परिषद क्षेत्र को आदर्श जिला परिषद बनाना है।

**शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई व स्वरोजगार पर जोर, बरही चौक का सुंदरीकरण हमारी प्राथमिकता**



श्रीमती कुंती देवी
भावी जिला परिषद प्रत्याशी
बरही पश्चिमी भाग

## हमारा विजन, सोच एवं हमारा लक्ष्य

1. बरही के प्रवासी मजदूरों के लिए बरही क्षेत्र में ही स्वरोजगार की व्यवस्था करना।
2. स्वयं सहायता समूह को बढावा देकर महिलाओं को स्वरोजगार से जोडना एवं महिला सशक्तिकरण पर जोर।
3. छात्र युवाओं के लिए तकनीकी शिक्षा की व्यवस्था कर स्वरोगार की व्यवस्था करना।
4. लघु एवं कुटीर उद्योग को बढावा देना।
5. बरही में पॉलटेक्निक कॉलेज एवं महिला कॉलेज की स्थापना।
6. बुजुर्गो एवं विधवा महिलाओं को प्राथमिकता के आधार पर वृद्धावस्था, समाजिक सुरक्षा पेंशन उपलब्ध कराना
7. गरीब असहाय बुजुर्गो के लिए आवासीय आश्रम की व्यवस्था सरकारी सहयोग से करना ।
8. खेल एवं खिलाडियों के विकास के लिए खेल सामग्री एवं बरही में संसाधन युक्त एक खेल स्टेडियम का निर्माण करवाना
9. रियाडा प्रक्षेत्र में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराना
10. बरही के जलाशयों से सिंचाई की व्यवस्था कराने पर रहेगा जोर



तापेश्वर प्रसाद
समाजसेवी ,
बरही पश्चिमी भाग

**वायदे ही नही इरादे भी, नई सोच के साथ बरही का विकास भी, आइए हम सब मिलकर बरही के विकास के लिए श्रीमती कुंती देवी को साथ दें ।**

निवेदक: बरही पश्चिमी जिप क्षेत्र की जनता

डेस्क प्रभारी: बिरेन्द्र कुमार सहयोगी: सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टर: डॉ० अनिल कुमा

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## जुगरा गांव में देश के प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले का मनाया जन्मदिन, किया गया कंबल वितरण

### प्रत्येक महिलाएं को जागरूक करना हमारा कर्तव्यः रूपा कुमारी

**अपेम लाइव :बडकागॉव**
**अमित मालाकार**



जन्मदिन के अवसर पर माल्यार्पन्न कर कंबल बॉटती रूपा कुमारी

चेपाकला पंचायत अंतर्गत जुगरा गांव में भारत के प्रथम महिला अध्यापक सावित्रीबाई फुले का जन्म दिवस मनाया गया ।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूपा कुमारी विशिष्ट अतिथि पूर्व पंचायत समिति सदस्य सरिता देवी एवं आर्य कर्णनिधि के ऋण प्रभारी पवन कुमार थे । कार्यक्रम की अध्यक्षता उत्क्रमित उच्च विद्यालय के अध्यक्ष प्रदीप राम तथा संचालन कृष्णा राम ने किया । इस दौरान सावित्रीबाई फुले की तस्वीर पर लोगों ने माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया । कृष्णा राम ने फुले बाई सावित्री के जीवनी के बारे में विस्तृत रूप से लोगों को जानकारी दी । मुख्य अतिथि आर के इंफोटेक के प्रोप्रायटर रूपा कुमारी ने कहा की सावित्रीबाई फुले समाज कि विकास लिए प्रेरणा है हमें उनके बताए मार्गो पर चलने की जरूरत है। आज भी कई महिलाएं आशिक्षित हैं और संकुचित सोच रखती हैं हमें इसे दूर करने की आवश्यकता है ।प्रत्येक महिलाएं को जागरूक करना हमारा कर्तव्य। आगे पवन कुमार ने कहा कि सावित्रीबाई फुले विकट परिस्थिति में भी पढ़ाई करके विद्यालय खोली और शिक्षा देने का कार्य की ।इसलिए आप अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं ।आर्य कर्णनिधि के द्वारा 60 जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल वितरण किया गया । शिक्षित नौजवान को जो शिक्षा देने के काम कर रहे हैं उन्हें डायरी और मेमा. ेंटो देकर सम्मानित किया गया जिसमें गौतम कुमार वर्मा , कामेश्वर कुमार , सत्यनारायण साहू , अनुज कुमार सिंह , करण शेखर ,भुनेशर प्रजापति 7, राहुल कुमार रवि 8, अनूप कुमार को सम्मानित किया गया । मौके पर रूपा कुमारी,सरिता देवी, कृष्णा राम, पवन कुमार, बिनोद साव वार्ड सदस्य, कामेश्वर कुमार,चंदन कुमार, शुभम कुमार, चिरंजीवी शेखर, खुशलाल साव, जानकी साव, मो धानो, मो भगिया, मो आशा, देवनाथ रविदास, सुकमा भुईया, वरुण देवी, भोला साव, चौता भुईया, मो फुलवा तुरी, बादल रंजन, पुतल कुमार, दीपक कुमार राम आदि उपस्थित थे।

## चलकुशा में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई गई

**अपेम लाइव : चलकुशा**
**विक्रम सिंह**



कार्यक्रम मे शामिल महिलाएँ

चलकुश : प्रखंड में 3 जनवरी को पूरे भारत में ऐपवा के नेतृत्व में भारत की प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले फातिमा शेख की साझी विरासत और अटूट को याद करते हुए ऐपवा ने 3 जनवरी को चलकुशा प्रखंड में सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई। कार्यक्रम का शुभा. रंभ सावित्रीबाई फुले फा. तिमा शेख की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुरुआत की गई। कार्यक्रम में ऐपवा के प्रदेश अध्यक्ष सविता सिंह ने कहा है कि आज पूरे देश में ऐपवा ने कई वर्षो से सावित्रीबाई फुले फातिमा शेख की जयंती मना रही है। 3 जनवरी से 9 जनवरी तक सदस्यता अभियान चलाकर 12 फरवरी को ऐपवा का स्थापना दिवस 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाने का निर्णय लिया है, साथ ही साथ ऐपवा की सदस्यता अभियान चलाकर प्रखंड सम्मेलन जिला सम्मेलन और अप्रैल के माह में राज्य सम्मेलन की तैयारी जोर शोर से करना है उन्होंने कहा है की सावित्रीबाई फुले फातिमा शेख देश के प्रथम महिला शिक्षिका थी जिन्होंने समाज के अंदर महिलाओं को शिक्षा का अधिकार के प्रेरणा का स्रोत बनी आज भी महिलाएं के अंदर शिक्षा की कमी है सावित्रीबाई फुले का जन्म सन 1831 मैं महाराष्ट्र के पुणे शहर के पास नए गांव में एक दलित परिवार के यहां जन्म हुआ था उस समय हिंदुस्तानी समाज में किसी जाति की लड़कियां पढ़ाई लिखाई करने की इजाजत नहीं देता था 9 साल की उम्र में उनका 13 वर्ष के ज्योतिबा से फुले से विवाह हुआ उन्होंने पढ़ाई लिखाई करने के बाद देश की प्रथम महिला शिक्षिका बनी उसके बाद भी सरकार आज भी इनका नाम लेने से कतरा रही है जिन्होंने पूरे देश की महिलाओं की शिक्षा का अलख जगाने की काम की है ऐपवा ने केंद्र सरकार से मांग करती है कि शिक्षा का अधिकार कानून का दायरा 14 वर्ष से बढ़ाकर 18 वर्ष करो लड़कियों के लिए प्राथमिक शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा के (केजी से पीजी तक)मुफ्त उच्च स्तरीय शिक्षा का प्रबंध करो। इस कार्यक्रम में सावित्री देवी सरिता राणा सविता देवी सीमा देवी कौशल्या देवी रुकमणी देवी जीरवा देवी मंजू देवी जसोदा देवी गुड़िया देवी समेत अन्य महिलाएं शामिल थी।

APEM LIVE

## कोरोना से बचाव के लिए जागरुकता जरूरी, सरकार के निर्देशों का करे पालन : राकेश राणा

**अपेम लाइव : हरारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिेह**



राकेश राणा

कोरोना की तीसरी लहर भयावह रूप में हम सभी के सामने आ रही है। कोरोना संक्रमण के खतरे देखते हुए समाजसेवी राकेश कुमार राणा ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोरोना से डरने के बजाय सतर्क होने, बचने और सुरक्षित रहने की जरूरत है। इस वैश्विक महामारी से बचाव के लिए लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है इसलिए सभी को अपनी जिम्मेदारी का निर्वाहन करना होगा। शासन के निर्देशों का पालन करे। यदि सर्दी, खांसी, बुखार, बदन में दर्द, थकावट, सांस लेने में कठिनाई, सुघने या स्वाद की शक्ति खत्म, आदि समस्या हो तो तत्काल ही चिकित्सक की सलाह लें और कोविड की जांच करवाएं। हमेशा गर्म पानी का सेवन करें। एक दूसरे से 2 गज की दूरी बनाए रखें, घर से सिर्फ जरूरी कार्यों हेतु बाहर निकले। घर से बाहर निकलने पर मास्क का अनिवार्यता उपयोग करे व हैंडवाश एवं सैनिटाइजर का समय समय पर प्रयोग करते रहने से भी काफी हद तक कोरोना संक्रमण के खतरे को टाला जा सकता है। प्रशासन पूरी तरह सतर्क है और अपनी सक्रियता बढ़ा दी है हमें भी चाहिए कि प्रशासन का सहयोग करें और अपनी हिफाजत भी करें। राकेश राणा ने कहा कि घर से बाहर ना निकले क्योंकि इंसान से मिलना जरूरी नहीं इंसान का होना जरूरी है।

## हजारीबाग झील परिसर में बन रहे ओपन एमपी थिएटर का कार्य रह गया अधूरा

### फण्ड की कमी होना बताया जा रहा है कारण

**अपेम लाइव : हरारीबाग**
**अमरजीत कु0 सिेह**




कार्य का शिलान्यास किया गया शिलापट्

हजारीबाग झील परिसर में पर्यटन विभाग झारखंड सरकार के द्वारा स्थानीय कलाकारों एवं युवाओं के मनोरंजन के लिए ओपन एमपी थियेटर का निर्माण करवाया जा रहा था। जिसका शिलान्यास 2017 में तत्कालीन नागरिक उड्डयन मंत्री एवं वर्तमान सांसद जयंत सिन्हा, एवं विधायक मनीष जायसवाल के द्वारा किया गया था परंतु अब यह अधूरा पड़ गया है । जिसका हाल अब बेहाल है पता करने पर पता चला कि फंड की कमी से काम को अधूरा छोड़ दिया गया। इधर सोमवार को हजारीबाग आर्ट एंड कल्चर की सचिव ने बताया कि यहां की लोकल कलाक. ारों के लिए बहुत बड़ा प्लेटफार्म साबित होता है। परंतु इसके निर्माण नहीं होने से हम लोगों के उम्मीद पर पानी फिर गया है। वही ओपन थियेटर के बारे में हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल भी कहते हैं की फंड नहीं होने से कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया जल्दी ही विभाग से बात कर काम पूरा कराया जाएगा। फिलहाल देखने वाली बात होगी की किनकी नजरे इनायत होती है और यह अधूरा कार्य कब पूरा होता है

9122222016

बिरेन्द्र कुमार

महालक्ष्मी फर्नीचर

जो सजाए आपके सपनों का घर...

डबल बेड, सिंगल बेड, दीवान, सोफा, कुर्सी, ड्रेसिंग, डाइनिंग टेबल इत्यादि।

सस्ता एवं फैन्सी फर्नीचर का बेहतरीन कलेक्शन




ATM

ग्राहक सेवा केन्द्र

स्टूडियो एवं फोटोकॉपी

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## कैंडल जला कर शोक श्रद्धांजलि

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




श्रद्धांजली सभा मे मौजुद लोग

बिरनी प्रखंड के इंकलाबी नौजवान सभा बिरनी के द्वारा सिमराढाब बजरंग. बली मंदिर के प्रांगण में 31 दिसम्बर बैष्णो देवी के भगदड़ में हुए 12 श्रद्धालुओं की मौत के प्रति कैंडल जला कर शोक श्रधांजलि अर्पित की गई , तथा घायल श्रद्धालुओं के उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई , कार्यक्रम का नेतृत्व इनौस जिला कमिटी सदस्य राजेश कु विश्वकर्मा ने किया । मौके पर इनौस बिरनी के संजोयक सह जिला उपाध्यक्ष सीताराम पा. सवान, माले जिला कमिटी सदस्य रामु बैठा, भरत कुमार रजक, चन्दन माथुर, मिथुन साव, जितेंद्र विश्वकर्मा , मनोज बैठा, सुदाम महतो, ममता पाण्डेय, ललिया देवी,चंदवा देवी आदि दर्जनों महिला पुरुष शामिल हुए ।

## चौपारण में 16 कोरोना मरीजों की पुष्टि, बैंक ऑफ इंडिया के चार कर्मी पॉजिटिव

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



कोरोना के तीसरी लहर के सुगबुगाहट के बीच चौपारण प्रखण्ड में एक साथ 16 कोरोना मरीजों की पुष्टि ने चौपारण के लिए चिंता बढ़ा दिया है। उक्त बातो की जानकारी देते हुए आयुष चिकित्सक डॉ पंकज मेहता ने बताया कि प्रारंभिक जांच में 16 कोरोना पॉजिटिव की पुष्टि हुवा है। बताया कि बैंक ऑफ इंडिया चौपारण शाखा से चार कर्मी पॉजिटिव पाए गए है वही बहेरा गांव से दो व अन्य चौपारण चट्टी से 10 लोग कोरोना के चेपेट में आये है। इधर चार कर्मी कोरोना पॉजिटिव पाए जाने पर बैंक ऑफ इंडिया को सील कर दिया गया और अगले आदेश तक बैंक की कार्यवारी को बंन्द कर दिया गया है। डॉ पंकज ने बताया कि सभी को डॉक्टरी सलाह के साथ आइसोलेट में रहने की सलाह दिया गया है। जरूरी दवाइयों सेवन करने को कहा गया है। डॉ पंकज महत ने कहा कि कोरोना से डरने की जरूरत नही है 99ः रिकभरी है। कहा कोरोना मरीज से भेदभाव नही रहे जन्हें मदद करे व खुद कोविड नियमो पालन करें और सुरक्षित रहे।

## बलोदर में कोयला कंपनी की ग्राम सभा का ग्रामीणों ने किया विरोध


बैठक में शामिल लोग

**अपेम लाइवः बडकागॉव**
**अमित मालाकार**

बड़कागांव : कंपनी की ओर से सोमवार को बलोदर में आयोजित ग्राम सभा का ग्रामीणों ने विरोध किया। बैठक कि अध्यक्षता विजय भुइयां ने किया। यहां अगर कोयला का खनन किया गया तो उनके जीवन यापन पर इसका बुरा असर पड़ेगा। नाबार्ड के अधिक. ारियों ने ग्रामीणों को खनन के फायदे भी बताए।उन्होने कहा कि खनन के प्रभावित विस्थापितों को सरकार के द्वारा निर्धारित दर पर उचित मुआवजा मिलेगा। युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिनसे उन्हें रोजगार मिलेगा और उनका पलायन रुकेगा। इसके अलावा भी अन्य सुविधाएं प्रभावित परिवारों को प्रदान की जाएंगी।मौके पर जगदेव गंझू, दिलीप गंझू, उपेंद्र कुमार, अमृत गंझू, विकास गंझू, जयनंदन कुमार, नीरज भुइयां समेत दर्जनों ग्रामीण मौजूद थे।

## ब्लॉक परिसर में 1972 में लगे प्रस्तावना शिलापट्ट क्षतिग्रस्त

**अपेम लाइवः चौपारण**
**किशोर राणा**



चौपारण : प्रखंड के पुराना ब्ल०क परिसर में स्थापित प्रस्तावना शिलापट्ट क्षतिग्रस्त हो गया है। छतिग्रस्त शिलापट्ट को भारत के आ. जादी के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 15 अगस्त 1972 को स्थापित किया गया था। शिलापट्ट में संविधान की प्रस्तावना का उल्लेख किया हुआ है। चौपारण ब्ल०क के पुराने भवन का भी निर्माण इसी वर्ष हुआ था। शिलापट्ट को किसी असामाजिक तत्वों द्वारा छतिग्रस्त किया गया है या स्वतः गिरा है। ये जांच के बाद ही खुलासा होगा। लगभग 49 वर्षो के बाद रविवार की रात शिलापट्ट के ऊपरी हिस्सा में अशोक स्तम्भ एवं अशोक चक्र का प्रतीक था उसे क्षतिग्रस्त कर गिरा दिया गया है। जब सुबह आसपास के लोग उक्त स्थल पर पहुंचे तो देखा कि विखंडित शिलापट्ट का ऊपरी हिस्सा गिरा हुआ है। इस सम्बंध में बीडीओ प्रेमचन्द सिन्हा ने बताया कि प्रशासन इसकी छानबीन शुरू कर दी है। जांचोंउपरान्त ऐसे हरकत करने वालो के बिरुद्ध कार. ्वाई की जाएगी। संविधान के प्रतीक चिन्ह के साथ ऐसी हरकत नही होनी चाहिए। बतादें दें की कुछ वर्ष पूर्व ब्ल०क कार्यालय नए भवन में शिफ्ट हो गया है। जिसके कारण पुराना ब्ल०क कार्यालय वीरान हो गया है। शायद इसी का फायदा उठाकर असामाजिक तत्वों ने शिलापट्ट को क्षतिग्रस्त कर दिया हो जिसका खुलासा जांच के बाद ही पता चल पाएगा।







डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार सहयोगीः सोनू पंडित, एडिटिंग- धनंजय कुमार मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## खास है झरपो के रघु होटल का कलाकंद, मुंह में रखते ही घुल जाती है मिठास



**अपेम लाइवः टाटीझरीया**
**राजु यादव**

टाटीझरिया : कलाकंद का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है, लार टपकने लगती है। यह मिष्ठान्न है ही ऐसा कि हर कोई इसका दीवाना है। हर क्षेत्र में किसी भी छोटी-बड़ी होटल पर और कुछ मिले न मिले कलाकंद जरूर मिल जाता है। दूसरी मिठाइंयां जहां कुछ दिनों पुरानी हो सकती हैं वहीं कलाकंद प्रायरू ताजा ही मिलता है क्योंकि इसकी खपत ही इतनी ज्यादा है कि होटलों में ये बचती ही नहीं है। टाटीझरिया का गुलाबजामुन तो सबको पता है ही। इसके साथ ही टाटीझरिया प्रखंड के झरपो का कलाकंद पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध है। चूंकि यहां कलाकंद की क्वालिटी भी बहुत अच्छी रहती है। रघु मिष्ठान भंडार का मिठाई का दुकान झरपो का बहुत पुराना दुकान है। यह दुकान कलाकंद के लिए बहुत फेमस है। पहले यह दुकान झरपो बुध बाजार में था जो अब स्थानांतरित हो चौरंगी-बैंक मोड पर आ गया है। दुकान मालिक रघुनंदन प्रसाद एवं उषा देवी ने बताया कि कलाकंद उनके पूर्वजों के समय से ही बनते आ रहा है। उन्होने कहा कि कलाकंद का स्वाद आज भी बरकरार है। मुंह में रखते ही इसका मिठास घुल जाता है। समय के साथ अब इसका पैकिंग काफी अच्छा हो गया है, वाटर प्रूफ पैकिंग भी करते हैं जिससे लोगों को बाहर ले जाने में भी दिक्कत नहीं होती है। उन्होंने यह भी कहा कि जिस समय कला. कंद बनना शुरू हुआ था उस समय कलाकंद मात्र 5 रूपये पीस मिला करता था। अब यह 10 रूपये की दर से बिक्री किया जा रहा है। कलाकंद 350 रूपये किलो के दाम से बेचा जा रहा है। स्थानीय ग्राहक ज्योतिष पंडा, उपेंद्र पांडेय, सुरेंद्र राणा, सुरेश प्रसाद, संतोष कुमार, अजय कुमार, मुख्तार अंसारी, रामप्रसाद कुशवाहा, उमेश पांडेय, प्रबील प्रसाद कहते हैं कि कलाकंद मीडियम रेंज का मिठाई है जिससे कि इस मिठाई को हर वर्ग के लोग खरीद सकते हैं। यहां की कलाकंद की मिठास का स्वाद केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी, विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो, पूर्व सांसद रवींद्र राय, विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव से लेकर कई नेता व वरीय अधिकारी ले चुके हैं। झरपो आने पर ये कलाकंद खाना नहीं भूलते हैं।

## 15-18 वर्ष के किशोर किशोरेरियों को मिली वेक्सीन

**अपेम लाइवः बरकठ्ठा**
**सुनील कुमार**



वैक्सीन लेते छात्र छात्राएँ


बरकट्ठा : राजकीय कन्या उच्च विद्यालय बेलकप्पी में 15 से 18 उम्र की बच्चों को वैक्सीनेशन सह जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में चिकित्सा प्रभारी डॉ रजनीकांत,केदार साव, बीईईओ अशोक कुमार पॉल, मुखिया प्रति. निधि अर्जुन राणा, प्रधानाध्यापक छत्रु प्रसाद, शामिल थे। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि केदार साव ने कहा कोरोना महामारी से बचने के लिए 15 से 18 उम्र के लोंगो को कोरोना वैक्सीन दी जाएगी। बीईईओ अशोक कु0 पॉल ने कहा की कोविड-19 वै. क्सीन की कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय कन्या उच्च विद्यालय से शुरुआत की गई। इसके बाद बरकट्ठा और चलकुशा के सभी विद्यालय में 15से 18उम्र के लोंगो को दी जाएगी। बीईईओ ने सभी छात्र-छात्राओं से अपील की अपने अपने घर के अगल बगल बच्चों को कोरोना महामारी से बचने के लिए वैक्सीन लेने की जानकारी दें। ताकि हम बीमारी से लड़ सकें।




## वर्ष 2022 में खूब बजेगी शहनाई, 74 दिन होंगे शादी-विवाह

### कोरोना संक्रमण की स्थिति सामान्य रहा तो इस वर्ष खूब बजेंगे ढोल

**अपेम लाइवः टाटीझरीया**
**राजु यादव**



पंडित कौलेश्वर मिश्रा

टाटीझरिया। कोरोना महामारी की स्थिति सामान्य रहा तो वर्ष 2022 में खूब बैंड बाजे बजेंगे। नए साल में विवाह की शुभ तिथियों की भरमार है। ये तिथियां 15 जनवरी से शुरू हो जाएंगी। वर्ष भर में 74 दिन विवाह के शुभ लग्न हैं। झरपो निवासी पंडित कौलेश्वर मिश्रा ने बताया कि दो साल से कोरोना संक्रमण के चलते लोगों की सोच बदली है। अब लोग चकाचौंध से दूर होकर सादगीपूर्वक विवाह संपन्न करवाने लगे हैं। वर्ष 2022 में करीब पूरे साल शादियों के जमकर शुभ मुहूर्त है।

वर्ष 2022 नए साल में किस माह कितने विवाह मुहूर्त

जनवरी : साल के शुभारंभ में ही 15, 20, 21, 22, 23, 24, 25, 27, 28, 29, 30 व 31 तारीख को विवाह करना शुभ रहेगा। फरवरी 4, 5, 6, 9, 10, 11, 12, 16,17, 18, 19 को लग्न है। अप्रैल : 17, 18, 19, 20, 21, 22, 23, 27 मई : 2, 9,10, 11,12, 13, 18, 19, 20, 21, 26, 31 तारीख को शुभ मुहूर्त रहेंगे। जून : इस माह शादी के लिए 6,7, 8, 10, 11, 12, 14, 15, 16, 17, 21 तारीख खास रहने वाली है। जुलाइः 2, 3, 4, 6, 7, 8, 9,10 को शुभ मुहूर्त रहेगा। इसके बाद देव सो जाएंगे, जिससे शुभ कार्य वर्जित हो जाएंगे। नवंबरः सर्दियों की शुरुआत में यानी देवउठनी एकादशी के बाद नवंबर में 25, 26, 27 तारीख को शादी के शुभ मुहूर्त है। दिसंबरःः साल के अंतिम महीने में 2, 3, 4, 7, 8, 13, 14, 15 व 16 तारीख को विवाह मुहूर्त रहेंगे।



डेस्क प्रभारीः बिरेन्द्र कुमार | सहयोगीः सोनू पंडित, | एडिटिंग- धनंजय कुमार | मैनेजिंग डायरेक्टरः डॉ० अनिल कुमार